विद्युत अभियंत्रण विभाग/ Electrical Engineering Department
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
प्रयागराज-211004 (भारत) /Prayagraj-211004 (India)

पत्रांक...2684........../वि0अ0वि0/2026 दिनांकः सितम्बर 23, 2026

**कुलसचिव** /सहायक निदेशक, राजभाषा
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

द्वारा: विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियंत्रण विभाग।

Head EED
M.N. National Institute of Technology
Allahabad-211004

**विषय:** विद्युत अभियंत्रण विभाग में **दिनांक 31 जुलाई, 2026** को आयोजित एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला की रिपोर्ट प्रेषित करने के संबंध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि विद्युत अभियंत्रण विभाग में **दिनांक 31 जुलाई, 2026** को **"तकनीकी शिक्षा में हिंदी का प्रयोग"** विषय पर आयोजित एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है।

उक्त कार्यशाला की विस्तृत रिपोर्ट की एक प्रति आवश्यक कार्यवाही एवं अभिलेख हेतु आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

Priti Das. 23/09/2026
**[कार्यक्रम समन्वयक]**
हिंदी कार्यशाला-2026

23/09/26
**[कार्यक्रम संयोजक]**
हिंदी कार्यशाला-2026

**संलग्नक:**
1. एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला की विस्तृत रिपोर्ट।
2. उपस्थिति तालिका (सूची-1 एवं सूची-2)।

# एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला

## “तकनीकी शिक्षा में हिन्दी भाषा का प्रयोग”

### दिनांक: 31 जुलाई 2026

**आयोजक**

**विद्युत अभियंत्रण विभाग**

**मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज**



Preeti Das.

## 1. प्रस्तावना एवं पृष्ठभूमि

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति तथा हिन्दी सलाहकार समिति की वर्ष 2025-26 की चतुर्थ तिमाही की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जुलाई से सितम्बर 2026 की तिमाही के दौरान हिन्दी कार्यशाला का आयोजन विद्युत अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में विभाग द्वारा 31 जुलाई 2026 को "तकनीकी शिक्षा में हिन्दी भाषा का प्रयोग" विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा, शोध, तकनीकी लेखन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के सरल और प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## 2. कार्यशाला के उद्देश्य

- तकनीकी शिक्षा में हिन्दी के सरल और प्रभावी प्रयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- शोधार्थियों को शोध एवं तकनीकी लेखन में हिन्दी के उपयोग और महत्व से परिचित कराना।
- कार्यालयीन एवं प्रशासनिक कार्यों में सरल, सुबोध और प्रभावी हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना।
- तकनीकी विषयों को विद्यार्थियों तक स्पष्ट और सहज भाषा में पहुँचाने पर विचार करना।
- भारतीय भाषाओं में तकनीकी साहित्य के लेखन और प्रसार की आवश्यकता पर चर्चा करना।

## 3. कार्यक्रम एक दृष्टि में

| | |
|---|---|
| **कार्यक्रम** | एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला |
| **विषय** | तकनीकी शिक्षा में हिन्दी भाषा का प्रयोग |
| **दिनांक** | 31 जुलाई 2026 |
| **आयोजक** | विद्युत अभियंत्रण विभाग |
| **प्रथम सत्र** | 10:00 पूर्वाह्न से 11:30 पूर्वाह्न |
| **प्रशिक्षण/चर्चा सत्र** | 11:45 पूर्वाह्न से 01:30 अपराह्न |



नि 31/7

# 4. उद्‌घाटन एवं प्रथम सत्र

*चित्र 1: अतिथियों एवं आयोजन समिति का औपचारिक सत्र*

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और डॉ. नीलू ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## स्वागत उद्बोधन

विभागाध्यक्ष प्रो. नितिन सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा तकनीकी शिक्षा में हिन्दी के महत्व पर अपने विचार रखे।

## राजभाषा एवं प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी

श्री प्रमोद कुमार द्विवेदी, सहायक निदेशक (राजभाषा), ने राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग तथा कार्यालयीन और प्रशासनिक कार्यों में सरल हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला।

## तकनीकी साहित्य और भारतीय भाषाएँ

विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. आर. के. सिंह ने हिन्दी में तकनीकी पुस्तक "प्रारम्भिक विद्युत अभियंत्रण" के लेखन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और भारतीय भाषाओं में तकनीकी साहित्य तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## अध्यक्षीय उद्बोधन

निदेशक प्रो. (डॉ.) मनोज माधव गोरे ने हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय भाषाओं में तकनीकी शिक्षा को उपयोगी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण तकनीकी ज्ञान उनकी परिचित भाषा में पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# 5. विशेषज्ञ व्याख्यान – प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह

प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह, निदेशक, गोविन्द बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, प्रयागराज, कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता रहे। उन्होंने तकनीकी शिक्षा और तकनीकी लेखन में हिन्दी के उपयोग की आवश्यकता पर अपने विचार रखे।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी ज्ञान तभी अधिक उपयोगी बनता है जब उसे विद्यार्थियों तक स्पष्ट, सरल और समझने योग्य भाषा में पहुँचाया जाए। हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाएँ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

*चित्र 2: प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह — मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता*

## सत्र के प्रमुख बिंदु

- भाषा को ज्ञान पहुँचाने के प्रभावी माध्यम के रूप में देखना।
- तकनीकी अवधारणाओं को सरल और स्पष्ट रूप में समझाने पर बल।
- हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी साहित्य की आवश्यकता।
- तकनीकी शिक्षा को अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाने में भाषा की भूमिका।

# 6. विशेषज्ञ व्याख्यान – डॉ. वेद प्रकाश

*चित्र 3: डॉ. वेद प्रकाश — विशिष्ट वक्ता*

डॉ. वेद प्रकाश, सहायक आचार्य, किरोड़ीमल महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, ने तकनीकी शिक्षा, तकनीकी लेखन और हिन्दी में प्रभावी अभिव्यक्ति से संबंधित विषयों पर विचार साझा किए।

उन्होंने बताया कि तकनीकी लेखन में विषय की शुद्धता के साथ भाषा की स्पष्टता भी बहुत महत्वपूर्ण है। तकनीकी सामग्री को क्रमबद्ध, सरल और उद्देश्य के अनुरूप लिखने से पाठक के लिए विषय को समझना आसान होता है।

### सत्र के प्रमुख बिंदु

- तकनीकी विषय-वस्तु को स्पष्ट और क्रमबद्ध भाषा में प्रस्तुत करना।
- अनावश्यक रूप से कठिन भाषा से बचना।
- तकनीकी शब्दों का सही और संदर्भ के अनुसार प्रयोग करना।
- विद्यार्थियों और शोधार्थियों को हिन्दी में तकनीकी लेखन के लिए प्रोत्साहित करना।

## 7. विशेषज्ञ व्याख्यान – श्रीमती संध्या शर्मा

श्रीमती संध्या शर्मा, प्राचार्य एवं वरिष्ठ हिन्दी शिक्षाविद्, ने तकनीकी शिक्षा, तकनीकी लेखन, प्रशासनिक कार्यों तथा सरकारी कार्यालयों में सरल और प्रभावी हिन्दी के प्रयोग पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि हिन्दी का उपयोग केवल कक्षा या शैक्षणिक लेखन तक सीमित नहीं है। कार्यालयीन पत्राचार, प्रशासनिक कार्य और संस्थागत संप्रेषण में भी सरल तथा स्पष्ट भाषा का प्रयोग कार्य को अधिक प्रभावी बनाता है।

*चित्र 4: श्रीमती संध्या शर्मा — विशिष्ट वक्ता*

### सत्र के प्रमुख बिंदु

- कार्यालयीन एवं प्रशासनिक भाषा को सरल और स्पष्ट रखना।
- सरकारी एवं संस्थागत कार्यों में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देना।
- तकनीकी संस्थानों में हिन्दी के व्यावहारिक उपयोग के अवसर बढ़ाना।
- हिन्दी को ज्ञान और संस्थागत संवाद के उपयोगी माध्यम के रूप में विकसित करना।

## 8. विषय-परिचर्चा एवं प्रतिभागियों की सहभागिता



*चित्र 5: विशेषज्ञ सत्र के दौरान प्रतिभागियों की सहभागिता*

विशेषज्ञ व्याख्यानों के बाद प्रतिभागियों के साथ विषय-परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें तकनीकी और शासकीय कार्यों में हिन्दी के प्रयोग से जुड़े व्यावहारिक प्रश्नों पर चर्चा हुई। प्रतिभागियों को अपने प्रश्न रखने और अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

## प्रतिभागियों की सहभागिता

कार्यशाला में संस्थान के संकाय सदस्य, कर्मचारी, शोधार्थी तथा छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। विभिन्न वर्गों की भागीदारी के कारण तकनीकी शिक्षा, शोध, लेखन और प्रशासन में हिन्दी के उपयोग पर व्यापक चर्चा संभव हुई।

## संक्षिप्त परीक्षण एवं प्रमाण-पत्र वितरण

कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए एक संक्षिप्त परीक्षण आयोजित किया गया। इसके माध्यम से कार्यक्रम में चर्चा किए गए विषयों के प्रति प्रतिभागियों की समझ और सहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# 9. आयोजन एवं समन्वय

कार्यशाला के सफल आयोजन में विभागीय नेतृत्व, संयोजकों, समन्वयकों, विशेषज्ञ वक्ताओं और आयोजन समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

| | |
|---|---|
| **विभागाध्यक्ष** | प्रो. नितिन सिंह |
| **संयोजक** | डॉ. विशाल कुमार गौड़ |
| **संयोजक** | डॉ. नीलू |
| **समन्वयक** | डॉ. प्रीति दास |
| **समन्वयक** | डॉ. सौरदीप डे |
| **मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ वक्ता** | प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह |
| **विशिष्ट वक्ता** | डॉ. वेद प्रकाश |
| **विशिष्ट वक्ता** | श्रीमती संध्या शर्मा |

## 10. कार्यशाला से प्राप्त प्रमुख निष्कर्ष

- तकनीकी विषयों को समझाने में सरल और स्पष्ट भाषा का प्रयोग विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है।
- हिन्दी में तकनीकी लेखन करते समय विषय की शुद्धता और भाषा की सरलता दोनों आवश्यक हैं।
- भारतीय भाषाओं में अच्छी तकनीकी सामग्री उपलब्ध होने से ज्ञान की पहुँच बढ़ सकती है।
- हिन्दी का उपयोग शिक्षण के साथ-साथ शोध, कार्यालयीन पत्राचार और प्रशासनिक कार्यों में भी किया जा सकता है।
- ऐसी कार्यशालाएँ प्रतिभागियों को हिन्दी में तकनीकी और प्रशासनिक अभिव्यक्ति के प्रति प्रोत्साहित करती हैं।

## 11. समग्र निष्कर्ष

31 जुलाई 2026 को आयोजित यह एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला तकनीकी शिक्षा, तकनीकी लेखन, शोध और प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी के उपयोग पर विचार-विमर्श का उपयोगी मंच रही। विशेषज्ञ वक्ताओं ने सरल भाषा, स्पष्ट अभिव्यक्ति और भारतीय भाषाओं में तकनीकी सामग्री के महत्व को अलग-अलग दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

विषय-परिचर्चा, प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी, संक्षिप्त परीक्षण और प्रमाण-पत्र वितरण ने कार्यक्रम को सहभागितापूर्ण बनाया। कार्यशाला ने यह संदेश दिया कि तकनीकी ज्ञान की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उसे सरल और समझने योग्य हिन्दी में प्रस्तुत किया जा सकता है।

*चित्र 6: कार्यशाला के समापन अवसर पर अतिथिगण एवं प्रतिभागी*



निशान्त

# 12. कार्यशाला की अतिरिक्त छायाचित्र झलकियाँ

*चित्र 7: कार्यशाला के दौरान विषय प्रस्तुति एवं संबोधन।*

*चित्र 8: कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों की सहभागिता।*

**विद्युत अभियंत्रण विभाग**

**मोतीलाल नेहरू राश्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज**

# "तकनीकी शिक्षा में हिन्दी का प्रयोग"

## विषय पर

सूची - 1

# एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला

## 31 जुलाई, 2026 (शुक्रवार)

NM

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. श्रेया स्वागतिका साहू | संकाय सदस्य | कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग (CSED) | — | — | — |
| 2. | श्री प्रदुम गुप्ता | कर्मचारी | कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग (CSED) | 7054715560 | pradumg@mnnit.ac.in | Pradum Gupta (19) |
| 3. | डॉ. सजल | संकाय सदस्य | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग (AMD) | 8265834295 | | [signature] (22) |
| 4. | श्री विनोद कुमार | कर्मचारी | अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग (AMD) | 9415630121 | | विनोद कुमार (14) |
| 5. | डॉ. अचल मीणा | संकाय सदस्य | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग (HSS) | — | — | — |
| 6. | सुश्री प्रतीक्षा तिवारी | कर्मचारी | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग (HSS) | 9336596829 | pratikshat@mnnit.ac.in | [signature] |
| 7. | डॉ. प्रणव बी. ठाकरे | संकाय सदस्य | यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग (MED) | 7738717705 | pranavthakare@mnnit.ac.in | [signature] (13) |
| 8. | श्री शैलेश प्रताप विश्वकर्मा | कर्मचारी | यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग (MED) | 7398031598 | shaileshpv@mnnit.ac.in | Shailesh 31-07-2026 (25) |

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | डॉ. संजय सिंह | ~~संकाय सदस्य~~ तकनीकी अधिकारी | रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | 8109290275 | ssingh89@mnnit.ac.in | [signature] | 15 |
| 10. | श्री अभिषेक कुमार शर्मा | कर्मचारी | रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | 8726652927 | mastroabhi@gmail.com | [signature] 31.7.26 | 14 |
| 11. | डॉ. रुचि चावला | संकाय सदस्य | रसायन विज्ञान विभाग | 9621362334 | ruchi@mnnit.ac.in | [signature] 31/07/26 | 6 |
| 12. | श्री आलोक धुरिया | कर्मचारी | रसायन विज्ञान विभाग | 7985497584 | alokkdhuriya@gmail.com | आलोक 31/07/2026 | 11 |
| 13. | डॉ. नीलम यादव | संकाय सदस्य | भौतिकी विभाग | 9369402579 | neelamy@mnnit.ac.in | [signature] 31/07/2026 | 4 |
| 14. | श्री सूरज कुमार | कर्मचारी | भौतिकी विभाग | 7080137291 | surajk18@mnnit.ac.in | [signature] 31/07/2026 | 18 |
| 15. | डॉ. अनुपम रावत | संकाय सदस्य | सिविल अभियांत्रिकी विभाग | — | — | — | |
| 16. | श्री आशुतोष चौरसिया | कर्मचारी | सिविल अभियांत्रिकी विभाग | 7651890995 | achaurasia@mnnit.ac.in | achaurasia 31/07/26 | |
| 17. | ~~डॉ.~~ श्री रितेश सिंह | ~~संकाय~~ कर्मचारी सदस्य | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग (ECED) | 9455255662 | singhritesh@mnnit.ac.in | RiteshSingh 31/07/26 | 16 |
| 18. | श्री अजय शर्मा | कर्मचारी | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग (ECED) | 6387785194 | ajaysharma@mnnit.ac.in | Ajay 31/07/26 | 19 |
| 19. | डॉ. सुरजीत पाल | संकाय सदस्य | प्रबंधन अध्ययन विभाग (SMS) | — | — | — | |
| 20. | श्री अतुल कनौजिया | कर्मचारी | प्रबंधन अध्ययन विभाग (SMS) | — | — | — | |
| 21. | डॉ. ~~नरेश~~ नरेन्द्र बाग | संकाय सदस्य | गणित विभाग | 9775250223 | | [signature] 31/07/26 | 19 |

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22. | श्री प्रकाश पाण्डेय | कर्मचारी | गणित विभाग | 8175825168 | Prakashpandey@mnnit.ac.in | Prakash 31/07/26 |
| 23. | डॉ. पी. के. गुप्ता | संकाय सदस्य | जैव प्रौद्योगिकी विभाग | 7017866485 | pkg@mnnit.ac.in | [illegible] |
| 24. | श्री ऋषि कांत | कर्मचारी | जैव प्रौद्योगिकी विभाग | 8756268742 | rishigautam668@mnnit.ac.in | RishiKant 31/07/26 |
| 25. | श्री सत्यजीत कुमार | कर्मचारी | कुलसचिव कार्यालय | 9696082989 | satyajeet.ar@mnnit.ac.in | [illegible] 31.07.2026 |
| 26. | श्री सुजीत कुमार गोंड | कर्मचारी | कुलसचिव कार्यालय | 9026465155 | skgond@mnnit.ac.in | [illegible] 31.07.26 |
| 27. | श्री राघवेन्द्र शुक्ल | कर्मचारी | अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय | | | |
| 28. | श्री दीपक ओझा | कर्मचारी | अधिष्ठाता (शैक्षिक) कार्यालय | 9120105035 | DEEPAKOJHA395@GMAIL.COM | DK 31/07/26 |
| 29. | श्री प्रेम चन्द्र | कर्मचारी | अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय | | | |
| 30. | श्री शिव शंकर | कर्मचारी | अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय | 8953C07701 | shivshankar301978@gmail.com | शिव |
| 31. | सुश्री साध्वी के. | कर्मचारी | अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं परामर्श) कार्यालय | 9517194353 | sadhvi24@mnnit.ac.in | साध्वी [illegible] 31/07/26 |
| 32. | श्री सुरेन्द्र | कर्मचारी | अधिष्ठाता (योजना एवं विकास) कार्यालय | | | |
| 33. | श्री ~~मदंन~~ शुक्ला<br>नंदन शुक्ला | कर्मचारी | आज़ाद छात्रावास | 9415217455 | nandanshukla@mnnit.com | [illegible] |

19

8

15

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34. | श्री विशाल कुमार गुप्ता | कर्मचारी | टैगोर छात्रावास | 9260958120 | Vishalkgupta89@gmail.com | विशाल |
| 35. | राम विजय सिंह | वरिष्ठ सहायक | | 9455874460 | ramvijaysingh@mnnit.ac.in | [illegible] |
| 36. | धर्मेन्द्र कुमार | Tech. manpower | रासायनिक अभियांत्रिकी | 9120199829 | | Dharmendra |
| 37. | सुरेन्द्र कुमार गुप्ता | एकेडमिक सपोर्ट स्टाफ | राजभाषा प्रकोष्ठ | 9198872109 | surendragupta189@gmail.com | SKgupta |
| 38. | अनिल कुमार | // | के० जन सू० अधिकारी कार्यालय | 8299618151 | pio@mnnit.ac.in | अनिल कुमार |
| 39. | योगेन्द्र कुमार शुक्ला | कर्मचारी कुशल श्रमिक | विधि प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर कार्यालय | 9450507376 | shuklayogendra5555@gmail.com | Shukla 31-07-26 |
| 40. | Vikas kr. Srivastava | | Media cell | 9453799200 | mediacellmnnit@gmail.com | V.K.S |
| 41. | Rahul Kumar | तकनीकज्ञ | लेखा अनुभाग | 9454532313 | rahulk@mnnit.ac.in | राहुल |
| 42. | Anil Maurya | शोध छात्र | EED | 9412590847 | animaurya96780@gmail.com | Anil |
| 43. | प्रशान्त कुमार तिवारी | सह-आचार्य | विद्युत अभियंत्रण विभाग | 9435389201 | prashantk@mnnit.ac.in | [illegible] 31/07/2026 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आशीष मिश्रा | लेखा विभाग | 30/7/2024 | (18) |
| विशाल सिंह | संगणक विज्ञान एवं अभि० विभाग | विशाल | (25) |
| राहुल कुमार | ,, | राहुल कुमार | (27) |
| नवनीत पाठक | शोधछात्र | नवनीत | |

## विद्युत अभियंत्रण विभाग
## मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज

# "तकनीकी शिक्षा में हिन्दी का प्रयोग"
## विषय पर
## एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला
## 31 जुलाई, 2026 (शुक्रवार)

सूची-2

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ सतनेश सिंह | सहायक आचार्य | विद्युत अभियंत्रण विभाग | 8882068694 | satnesh@mnnit.ac.in | सतनेश 31/07/26 |
| 2. | प्रो. कुमार वेंकटेश for HCED | आचार्य | जानपद अभियांत्रिकी विभाग | 9415702782 | venkatesh@mnnit.ac.in | वेंकटेश 31/7/26 |
| 3. | प्रो. पॉलसन सैमुअल | आचार्य | विद्युत अभियंत्रण विभाग | 9450618327 | paul@mnnit.ac.in | पॉलसन 31/7/2026 |
| 4. | प्रो. प्रमोद कुमार यादव | आचार्य | गणित | 9559022419 | pramodky@mnnit.ac.in | प्रमोद कुमार यादव |
| 5. | अमर जीत पटेल | Ph.D | Electrical | 9695527867 | amarjeet.2025ree02@mnnit.ac.in | Amarjeet |
| 6. | सुनील कुमार | Ph.D | Electrical | 9532961655 | suneel.2025ree05@mnnit.ac.in | Suneel Kumar |

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | अभिषेक यादव | तकनीशियन | विद्युत अभियांत्रिकी | 9801357849 | abhisheky93e@mnnit.ac.in | [signature] 31/07/26 (24) |
| 8. | राज कुमार यादव | तकनीकी मानव बल | विद्युत अभियांत्रिकी | 7897295638 | rajkumary1986@gmail.com | [signature] 31-07-26 |
| 9. | राहुल उपाध्याय | वरिष्ठ तकनीकज्ञ | विद्युत अभि० | 8604383125 | | [signature] 31/07/26 |
| 10. | पुष्पेन्द्र सिंह | शोध छात्र | हिन्दी विभाग | 9717596436 | rah8041@gmail.com | [signature] (14) |
| 11. | [illegible] सागतीक साहु | Asst. Prof. | CSE | 9894361995 | S | [signature] 31/07/26 |
| 12. | कपिल चौधरी | सहायक आचार्य | विद्युत अभि० | — | — | [signature] |
| 13. | डॉ० नवनीत कुमार सिंह | सह-आचार्य | विद्युत अभि० विभाग | 9410812861 | navneet@mnnit.ac.in | [signature] |
| 14. | शुभी पुरवार | आचार्य | EED | 9919230111 | shubhi@mnnit.ac.in | Shubhi |
| 15. | संध्या शर्मा | प्राचार्या | हिन्दी | 9009526269 | | [signature] |
| 16. | दिपेश पाठक | सह-आचार्य | रासायनिक अभि० | 9003670402 | dipeshpathak@ - - . | [signature] |

| क्रमांक | नाम | पद | विभाग | मोबाइल नं. | ई-मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17. | नरेश कुमार | Dean P&D & HOD, Phy | भौतिकी | 9454200193 | nsisodia@mnnit.ac.in | [signature] |
| 18. | राजीव श्रीवास्तव | Head MED | यांत्रिकी | 9936266142 | | [signature] |
| 19. | अरविन्द कु० प्रजापति | Asst Prof EED | विद्युत अभि० | 7607276799 | arvindkp@mnnit.ac.in | [signature] |
| 20. | अनिकेत कुमार तिवारी | EED | " | 8756242011 | aniketkrtiwari@gmail.com | [signature] |
| 21. | रविन्द्र कुमार | EED | EED | 9112577665 | ravindralee@gmail.com | [signature] |
| 22. | रवि कु० प्रजापति | EED | EED | | | [signature] |
| 23. | प्रदीप कुमार पाण्डेय | EED | EED | | | [signature] |
| 24. | राजेश त्रिपाठी | Prof & HOD CSED / सहायक आचार्य CSED | CSED | 9452157497 | rajeshtcsed@mnnit.ac.in | राजेश त्रिपाठी 31/07/2025 |
| 25. | डॉ. विशाल कुमार गौड़ | सहायक आचार्य | विद्युत अभियंत्रण विभाग | 7253046186 | vkgaur@mnnit.ac.in | [signature] |
| 26. | डॉ. प्रीति दास | सहायक आचार्य | विद्युत अभियंत्रण विभाग | 9474543349 | preetidas@mnnit.ac.in | Preeti Das. |